**राज्यपाल सचिवाल**

**राजभवन, जयपुर**

**हिन्दी दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं**

जयपुर, 13 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि हिंदी भाषा नहीं बल्कि संस्कृति और भारतीयता का गौरव है। हिंदी आज विश्व की सर्वश्रेष्ठ भाषाओं में एक है। हिन्दी भाषा देश के स्वाभिमान की प्रतीक है। विश्वभर में फैले भारतवासियों को यह अपनत्व की डोर से जोड़ती है। उन्होंने हिन्दी को तकनीक से जोड़ते हुए आधुनिक विश्व भाषा बनाए जाने का आह्वान किया है।

-------